स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, सेंधवा (सा) वनमण्डल,सेंधवा
## जिला – बड़वानी (म.प्र.)

Tel & Fax (o) 07281-228408 (Pin code- 451666) Email - Dfotsndwa@mp.gov.in

क्रमांक / मा.चि. / 2018 / 3597 सेंधवा,दिनांक 11-10-19

प्रति,

कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग बड़वानी

विषयः– जिला बड़वानी के अंतर्गत सुसरी तालाब सिचाई परियोजना निर्माण हेतु 28.08 हेक्टयर वन भूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बावत्।

संदर्भ :– (1) अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उप संभाग पानसेमल का पत्र कमांक / 84 दिनांक 01.04.2019

(2) इस कार्यालय का पृष्ठांकन कमांक / मा.चि. / 1525 दिनांक 29.04.2019

---000---

आपके विषयांकित प्रस्ताव प्रकरण कमांक FP/MP/IRRIG/32211/2018 ऑनलाईन प्रकिया अनुसार वन संरक्षण अधिनियम 1980 अंतर्गत दिनांक 01.04.2019 को पुनीक्षित संशोधित प्रस्ताव 02 प्रतियों में प्राप्त हुआ है। पुनरीक्षित प्रस्ताव के संबंध में संदर्भित पत्र कमांक 02 से आपको लेख किया गया, कि उक्त तालाब के अंतर्गत प्रस्तावित गैर वनभूमि वनमंडल बड़वानी के अंतर्गत प्रस्तावित की गई है। जिसके संबंध में वनमंडल बड़वानी को वैकल्पिक वृक्षारोपण से संबंधी गैर वन भूमि पूर्ण जानकारी सहित प्रस्तुत करते हुयें वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना उपलब्ध करावे जो आपके द्वारा आज दिनांक तक उपलब्ध नही कराई गयी है। जिससे प्रकरण में विलम्ब हो रहा है।

अतः उक्त प्रकरण में आपको पुनः स्मरण कराते हुये लेख है, कि उक्त जानकारी तत्काल प्रस्तुत करावे।

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल सेंधवा, (सामान्य)

पृ.क. / मा.चि. / 2019 / 3598 सेंधवा,दिनांक 11-10-19

प्रतिलिपि :–

(1) मुख्य वन संरक्षक खण्डवा वृत्त खण्डवा की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

(2) वनमंडलाधिकारी बड़वानी की ओर इस कार्यालय के पृ.क. / मा.चि. / 1525 दिनांक 29.04.2019 के तारतम्य में सूचनार्थ अग्रेषित। कार्यपालन यंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में सूचित किया गया है, कि डूब प्रभावित वन भूमि 28.08 हेक्टर के एवज में वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु ग्राम लोनसरा के सर्वे कमांक 101 / 1, 103 / 1, 105 / 1, 107 / 1 के कुल भूमि 126.752 हेक्टयर में से पेकी रकबा 75.75 हेक्टयर भूमि में से पुनः सर्वे अनुसार 28.08 हेक्टर भूमि सुसरी नदी से प्रभावित वन भूमि के बदले आपको उपलब्ध कराई गई है। उक्त प्रस्तावित गैर वन भूमि की वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना का अनुमोदन कराया जाकर इस कार्यालय को प्रस्तुत करे ताकि विषयांकित प्रस्ताव पूर्ण किया जाकर प्रस्तुत किया जा सके।

(3) अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उप संभाग पानसेमल की ओर इस कार्यालय के पृ. क. / मा.चि. / 1525 दिनांक 29.04.2019 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल सेंधवा, (सामान्य)